# हिंदी दूसरी भाषा के रूप में

**प्रश्न-पत्र 0549/01**

**पढ़ना और लिखना**

**प्रमुख संदेश**

- **अभ्यास 1, 2** और **3** के भीतर प्रमुख महत्व पढ़ने की कुशलता को दीजिए। याद रखें कि वर्तनी की अशुद्धियों को परीक्षक तभी अनदेखा कर सकते हैं यदि वे सम्प्रेषण में बाधा न बनें। विशेषकर अभ्यास 1 के भीतर स्पष्ट उत्तर को पूरे वाक्य में लिखने की आवश्यकता नहीं है।
- **अभ्यास 3** के भीतर नोट्स लेखन को पूरे वाक्य के रूप में लिखना अनिवार्य है।
- **अभ्यास 5** और **अभ्यास 6** के भीतर सिर्फ़ अंतर्वस्तु के लिए ही नहीं बल्कि सटीक भाषा के लिए भी अंक दिये जाते हैं। अतः परीक्षार्थियों को ध्यानपूर्वक अपने लेखन के भीतर वर्तनी एवं व्याकरण संबंधी अशुद्धियों की जाचँ कर लेनी चाहिए।

**सामान्य टिपण्णियाँ**

यह देखकर अति प्रसन्नता हुई कि अधिकाँश छात्रों ने नियमों का पालन किया और बहुमत छात्रों ने शब्द सीमा के भीतर ही अपने उत्तर लिखे। बहुमत विद्यार्थी **अभ्यास 1**, **2**, **5** और **6** के प्रति सहज प्रतीत नज़र आये।

**प्रश्न संबंधी टिपण्णियाँ**

***भाग 1***

**अभ्यास 1 प्रश्न 1–6**

यह अभ्यास स्वतंत्रता सेनानी अमृत कौर के बारे में था। पाठाँश भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के भीतर उनके योगदान पर केन्द्रित था। शिक्षा के क्षेत्र और महिला मतदान के लिए उनके कार्यों को रेखांकित किया गया। **प्रश्न 4** के सिवाय बहुमत छात्रों ने **प्रश्न 1** से **6** के उत्तर सहजता से दिये। बहुमत परीक्षार्थी इस प्रश्न का सही उत्तर नहीं दे सके। इस प्रश्न को चुनौतीपूर्ण माना जा सकता है क्योंकि इसका उत्तर पाठांश में नहीं दिया था यानि यह उत्तर प्रत्यक्ष तथ्य के रूप में पाठांश के भीतर नहीं था। बल्कि परीक्षार्थियों को पूरे पाठ को समझने के बाद उस उत्तर के बारे में अनुमान लगाना था।

**अभ्यास 2 प्रश्न 7–15**

अधिकाँश छात्रों ने इस अभ्यास के भीतर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कुछेक परीक्षार्थियों ने **प्रश्न 8** का सही उत्तर देने में ग़लती की।

**अभ्यास 3 प्रश्न 16–19**

इस वर्ष का विषय प्लास्टिक के बहुतायात उपयोग के बारे में था। यह लेख पर्यावरण संबंधी विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ कैसे ये समस्याएं समुद्र का नाश कर रही हैं, उनपर केन्द्रित था। नये पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षार्थियों को दिये गये शीर्षकों के तहत अपने नोट्स लिखने थे।



© 2020

**प्रश्न 16**

प्रथम शीर्षक के अंतर्गत परीक्षार्थियों को प्लास्टिक से दो मिलने वाले लाभ लिखने थे। अधिकाँश परीक्षार्थी इन दो बिन्दुओं को सहजता से जोड़ पाए।

**प्रश्न 17**

इस प्रश्न के भीतर समुद्री जानवरों पर प्लास्टिक प्रयोग के दो संभावित नकारात्मक परिणामों के बारे में पूछा गया गया था। अनेक परीक्षार्थी ये उत्तर लिखने में सफल रहे।

**प्रश्न 18**

इस प्रश्न के उत्तर में परीक्षार्थियों को दो बिन्दु लिखने थे जिनसे अत्याधिक प्लास्टिक उपयोग से मानव पर पड़ने वाले प्रभावों को उभारा जा सके। कुछ परीक्षार्थी ही इन दो बिन्दुओं को लिख पाए।

**प्रश्न 19**

इस प्रश्न के भीतर अत्याधिक प्लास्टिक उपयोग को नियंत्रित करने संबंधी दो बिन्दुओं को लिखना था। अधिकाँश परीक्षार्थियों ने दो सही बिन्दुओं को लिखा।

**अभ्यास 4 प्रश्न 20**

इस वर्ष परीक्षार्थियों को साराँश लेखन के लिए अभ्यास के 4 बिन्दुओं को आधार बनाकर लिखना था। पहला, प्लास्टिक के बहुतायात उपयोग के बारे में। दूसरा, समुद्री जानवरों से संबंधित नकारात्मक प्रभाव, तीसरा, इसके मानवीय प्रभाव। चौथा, प्लास्टिक के बहुतायात प्रयोग को नियंत्रित करने के तरीके। अधिकाँश छात्र भाषा के लिए अच्छे अंक अर्जित करने में सफल रहे। लेकिन जो परीक्षार्थी अंतर्वस्तु के लिए सार्थक बिन्दुओं को नहीं जोड़ पाये उन्हें भाषा के अंक भी नहीं मिले।

**अभ्यास 5 प्रश्न 21**

परीक्षार्थियों को अपने नज़दीकी मित्र को पिकनिक आयोजित करने के लिए ई-मेल लिखना था। प्रत्येक परीक्षार्थी से अपेक्षा थी कि वे अपने ई-मेल के भीतर तीन विशेष बिन्दुओं का समावेश करेंगे। (1) सर्वप्रथम पिकनिक के आयोजन की सूचना (2) पिकनिक के लिए मित्र को आमंत्रित करना। (3) साथ ही मित्र के उत्तर की अपेक्षा। अधिकाँश परीक्षार्थियों ने इस लेखन कार्य को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न किया। बहुमत परीक्षार्थियों ने तीन प्रमुख बिन्दुओं को अपने लेखन में सम्मिलित किया और अंतर्वस्तु के पूरे अंक प्राप्त किये और भाषा के भी श्रेष्ठ अंक अर्जित किये।

**अभ्यास 6**

इस वर्ष निबंध का विषय दो विपरीत दृष्टिकोणों पर केन्द्रित था। लेकिन इस चर्चा की प्रस्तुति के दौरान परीक्षार्थियों को प्रत्येक दृष्टिकोण से संबंधित अपनी सहमति अथवा असहमति के साथ-साथ दो विपरीत बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए अपने विचार लिखने थे। (1) मैं इतना परिपक्व नहीं कि मतदान का दायित्व सम्भाल सकूं। (2) अपने बेहतर भाविष्य के लिए मुझे मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। इस प्रारूप को नये पाठ्यक्रम के अनुसार शामिल किया गया था। इसके अनुसार अनिवार्य था कि परीक्षार्थी अपने लेखन के भीतर इन दो विपरीत बिन्दुओं को जोड़ें। कई परीक्षार्थियों ने इन दो विपरीत बिन्दुओं से संबंधित पहलूओं पर अपने सशक्त विचार व्यक्त किये। श्रेष्ठ लेखनों के भीतर सिर्फ़ इन कारणों पर ही चर्चा नहीं थी बल्कि उनके समर्थन में कई सटीक उदाहरण भी जोड़े गये।


© 2020

बिना व्याकरण संबंधी अशुद्धियाँ किये और वर्तनी दोष के लिखना अभी भी प्रधान चिंता का कारण बना हुआ है। अभी भी वर्तनी की ग़लतियाँ निसंदेह प्रमुख पहलू है जिसपर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस पक्ष पर सुधार के द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा परीणामों में सुधार किया जा सकता है।


© 2020

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01**
**Reading and Writing**

## Key messages

In **Exercises 1**, **2** and **3**, the emphasis is on reading skills. Spelling errors are tolerated provided that they do not interfere with communicating the correct answer to the examiner. As long as the answer is clear, candidates are not required to write in full sentences.
In **Exercise 3**, complete notes are expected though not necessarily in complete sentences.
In **Exercises 5** and **Exercise 6**, marks are awarded not only for content but also for accuracy. Therefore, it is vital that candidates carefully check their work for spelling and grammatical errors.

## General comments

It was reassuring to see that most candidates followed the guidelines thoroughly, and most of them had written their answers within the word limit. The majority of candidates appeared to be at ease with **Exercises 1**, **2**, **5** and **6**.

## Comments on specific questions

*Section 1*

**Exercise 1 Questions 1–5**

This exercise focuses on a text about a freedom fighter Amrit Kaur. The theme of the text highlighted her contribution to the Indian National Movement. It underlined her work done in the field of education and women's suffrage. The majority of candidates had no difficulties in answering **Questions 1** to **6** except **Question 4**. The maximum number of candidates were not able to answer this question correctly. Candidates may have found this question challenging because the answer was not given directly in the text, that is to say students were not able to find the correct answer directly from the text; rather, students were expected to infer the correct answer from their understanding of the text as a whole.

**Exercise 2 Question 7–15**

Most of the candidates performed very well in this exercise. A few candidates made mistakes in choosing the right answer for **Question 8**.

**Exercise 3 Questions 16–19**

The topic of this year's text was the excessive use of plastic. This text described different problems related to the environment and how it is destroying the sea. According to the new syllabus, candidates should write notes under the given headings.

**Question 16**

The first heading required candidates to write two different points related to the benefits of using plastic. Most of the candidates managed to write two correct points.


© 2020

**Question 17**

This question asked: "What is the possible negative impact of the use of plastic for sea animals?" Several candidates managed to give two correct points.

**Question 18**

This question required candidates to give two points which highlighted the effects of excessive use of plastic on humans. Some of the candidates were able to give two correct points.

**Question 19**

This question asked candidates to list two points related to ways of controlling our excessive use of plastic. Most of the candidates correctly mentioned two points.

**Exercise 4 Question 20**

This year's rubric asked candidates to write their summary based on four points: firstly, on the reasons for its excessive use; secondly, on the negative impact on sea animals, thirdly, on the effects of humankind. Fourthly, what kinds of methods can we apply to control the excessive use of plastic? Most candidates managed to get good marks for language. However, those who were unable to include any relevant points in their summary, were not awarded any marks for language.

**Exercise 5 Question 21**

Candidates were expected to write an email to their friend to plan a picnic. This exercise asked candidates to include three specific points in their email: (1) highlighting the information of the picnic plan (2) inviting their friends for this picnic (3) Expecting a confirmation as a reply. Most of the candidates managed to complete this writing task well. The majority of the candidates included three points in their email and received full marks for content and also received good marks for language.

**Exercise 6**

This year, the essay topic was framed in terms of two opposite viewpoints. However, while discussing to what extent they agreed with each view, candidates were also expected to reflect on the two opposing views on the given topic. The two opposing views were whether teenagers between the ages of 16–18 years should get voting rights presented in the question paper vis-à-vis, (1) I am not so mature that I can handle voting rights; (2) that for my better future I should get voting rights. This exercise and manner of setting the question have been done in accordance with the new syllabus which calls for not just giving a topic to candidates to write on but, also giving them two opposite views related to the topic that they must also consider while writing on the given theme. Several candidates gave some strong reasons in favour of these two opposite views. Worthy answers not only highlighted these reasons but, also included valuable examples in support of their views.

Writing in Hindi without making grammatical mistakes and spelling errors continues to be a central issue. Spellings mistakes is an area of concern and should be addressed with some urgency. Improvement in this would make a positive difference to candidates' grades.


© 2020

# श्रवण पेपर दूसरी भाषा के रूप में

**Paper 0549/02**

**हिन्दी रिपोर्ट**

## विशेष टिप्पणी

इस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिये परीक्षार्थियों को चाहिये कि :

- जितना हो सके उत्तर उतना स्पष्ट लिखे जिस से अर्थ समझ में आ सके।
- **अभ्यास 3** परीक्षा में ध्यान पूर्वक् सभी सम्बंधित विस्तार अपने प्रश्नोत्तर में दें।

## सामान्य टिप्पणी

आम तौर से सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा में समग्र रूप से बहुत अच्छा प्रयास किया और सभी प्रश्नों के उत्तर देने की चेष्टा की है।

इस पेपर में सही जानकारी के सम्प्रेष्ण पर अंक दिये गये हैं। वर्तनी और व्याकरण की त्रुटि के आधार पर जवाब का मूल्यांकन नहीं किया गया फिर भी यदि भाषा त्रुटि से शब्दार्थ बदल जाए या अर्थ स्पष्ट न हो तो अंक नहीं दिये गये।

## विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणियाँ

**अभ्यास 1 – प्रश्न 1–6**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास में सवालों के जवाब अच्छे दिये हैं। **प्रश्न 1–6** में संक्षिप्त उत्तर चाहिए और अधिकतर परीक्षार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए। शब्दों की वर्तनी में भिन्नता थी कुछ शब्द तो आम थे और परीक्षार्थियों से सही शब्द लिखने की आशा की गई है यदि भाषा त्रुटि से शब्दार्थ नहीं बदला है तो ही अंक दिये गए हैं। पर उदाहरण के लिए, शालीन कपड़े के बजाय शादी के कपड़े, शांदानी कपड़े लिखा है तो अंक नहीं दिया गया।

**प्रश्न 1**

ज्यादातर सही ढंग से उत्तर दिए गए थे, कुछ परीक्षार्थियों ने शालीन कपड़े के बजाय शादी के कपड़े, शांदानी, शलीना के कपड़े लिखा है जिसके कारण अंक नहीं दिया गया।

**प्रश्न 2**

ज्यादातर सही ढंग से उत्तर दिए गए थे परन्तु ध्यान पूर्वक सुनने की आवश्यकता थी प्रमुख शब्द परसों था वर्तनी में कुछ बदलावों को स्वीकार किया गया है लेकिन बरसों को नहीं क्योंकि इससे अर्थ पूर्ण रूप से बदल जाता है।

**प्रश्न 3**

ज्यादातर सही उत्तर सही दिए गए थे बुद्धवार के कई रूप थे, शुक्रवार, सोमवार, and रविवार जैसे गलत उत्तर थे।

**प्रश्न 4**



© 2020

ज्यादातर सही उत्तर सही दिए गए थे सुरक्षा की वर्तनी के कई रूप थे।

**प्रश्न 5**

इसके लिए तीन प्रमुख सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी शब्दों की आवश्यकता थी कई परीक्षार्थी उत्तर से महिला या खिलाड़ी लिखने से चूक गए। सर्वश्रेष्ठ में वर्तनी की समस्या भी थी। यह प्रश्न कुछ परीक्षार्थियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण साबित हुआ।

**प्रश्न 6**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही उत्तर दिया, हालांकि कुछ परीक्षार्थी सही ढंग से ठंडी शब्द लिखने में असमर्थ थे। सभी वर्ण गलत होने के कारण अंक नहीं दिया गया।

**प्रश्न 7(a)–(h)**

**प्रश्न 7(a)–(h)** इस अभ्यास में परीक्षार्थियों को उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करनी थी। परीक्षार्थियों को इस अभ्यास में दिए गए वाक्यों की संरचना को बदलने से बचना चाहिए। उन्हें ऐसे शब्दों या वाक्यांशों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो व्याकरणिक रूप से दिए गए वाक्यों की संरचना में बदलाव किए बिना रिक्त स्थान पर फिट होते हैं। बहुत अधिक लिखने से अक्सर गलतियां होती हैं क्योंकि उत्तर व्याकरणिक रूप से फिट होने में विफल रहता है।

**प्रश्न 7(a), (b), (c)**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इन भागों का सही उत्तर दिया है।

**प्रश्न 7(d)**

कुछ परीक्षार्थी उत्तर के बारे में उलझन में लग रहे थे। उदाहरण के लिए उत्तर इमारत होना चाहिए था न कि सड़क का नाम।

**प्रश्न 7(e)**

इस प्रश्न पर एक अच्छा प्रयास किया गया था; हालाँकि, कुछ परीक्षार्थी इस भाग में अंक हासिल नहीं कर पाए।

**प्रश्न 7(f), (g)**

अधिकांश उम्मीदवारों ने कुछ वर्तनी त्रुटियों के साथ सही उत्तर दिया।

**प्रश्न 7(h)**

कुछ उम्मीदवारों ने सही उत्तर दिए लेकिन कई ने गलत उत्तर लिखे। पारंपरिक लिखने के बजाय उन्होंने समुराई योद्धा लिखा और अंक खो दिया।

**प्रश्न 8–15**

प्रश्न में परीक्षार्थियों को गलत दी गई जानकारी को मौखिक सही जानकारी में बदलने की आवश्यकता है। अधिकांश परीक्षार्थी **प्रश्न 8, 9, 10, 12, 13** और **14** के लिए अंक प्राप्त करने में कामयाब रहे, लेकिन।

प्रश्न **11** साथ संघर्ष किया, मुख्य रूप से सही शब्द, चिंताजनक, चिंता का विषय, चिंता देने वाला का उपयोग नहीं करने के कारण अंक हासिल नहीं कर पाए और **15** के लिए काम, योगदानकर्ता, भाग लेना उत्तर नहीं था।


© 2020

**प्रश्न 16–23**

यह बहुविकल्पीय प्रश्न थे। अधिकांश उम्मीदवारों ने **प्रश्न 16** और **24** को छोड़कर सही विकल्प का चयन किया। कुछ परीक्षार्थियों ने बिना सोचे समझे निशान लगा दिया या एक से अधिक बॉक्स टिक किए गए थे।

**सारांश**

प्रश्न असामान्य रूप से चुनौतीपूर्ण नहीं थे, लेकिन संदर्भ को सुनने और पहचानने में सावधानी की आवश्यकता थी। परीक्षार्थियों को बहुत ध्यान से रिकॉर्डिंग को सुन कर और पहचान कर तथा उनके जवाब के लिए उपयुक्त विस्तार से चयन करना चाहिए। कुछ प्रश्नों तक पहुंचने और ध्वनियों और अक्षरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हिंदी शब्दावली को बढ़ाने पर काम करने की आवश्यकता है, समान ध्वनि शब्दों पर विशेष ध्यान दें। शिक्षक को कक्षा में नियमित रूप से श्रुतलेख कराना चाहिए। अभ्यार्थियों को कक्षा में अभ्यास सुनने में यथासंभव अभ्यास करना चाहिए, और समयबद्ध परिस्थितियों में पिछले परीक्षा पत्रों का अभ्यास करना चाहिए। यह निश्चित रूप से समग्र मानक को बढ़ाने में मदद करेगा।


© 2020

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02**
**Listening**

## Key messages

In order to do well in this examination, candidates should:

- Write their answers as clearly as possible so that the meaning can be understood.
- Take care to include all the relevant details in their answers to the questions in **Exercise 3**.

## General comments

Overall, candidates performed quite well in this examination and the full range of ability was observed. Most candidates attempted all the questions in the paper.

For this component, credit is given for communication of the correct information. Answers are not assessed for accuracy of spelling and grammar. However, if language errors change the meaning or the meaning is unclear, the answer cannot be given credit.

## Comments on specific questions

### Exercise 1 – Questions 1–6

The majority of candidates performed reasonably well on this exercise. **Questions 1–6** required short answers, and most candidates fared well. There were variations in spelling of some words. Some of the words are part of basic vocabulary and candidates are expected to be able to spell them correctly. Marks were awarded if the misspelt word did not change the meaning, but not for answers such as, for example, शादी के कपड़े, शांदानी कपड़े instead of शालीन कपड़े.

### Question 1

This was mostly answered correctly. There were several variations for शालीन कपड़े. Some of them wrote शादी के कपड़े, शांदानी कपड़े and these were rejected.

### Question 2

This was mostly answered correctly but required careful listening. The key word was परसों. Some variations in spelling were accepted as correct answer, but not बरसों as it completely changed the meaning.

### Question 3

Answers to this were mostly correct with many variations of spelling बुद्धवार. Some incorrect answers were शुक्रवार, सोमवार, and रविवार.

### Question 4

Answers to this were mostly correct with many variations of spelling सुरक्षा.

### Question 5

As it required three key words सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी. Many candidates missed out either महिला or खिलाड़ी from the answer. There was also a problem with spelling सर्वश्रेष्ठ. This question proved to be very challenging for some of the candidates.

**Question 6**

Most students answered correctly, however some candidates were unable to spell ठंडी correctly. All the letters were written incorrectly and thus no mark could be awarded.

**Question 7(a)–(h)**

**Question 7(a)–(h)** Candidates were required to fill in the blank spaces with the appropriate word. Candidates should refrain from altering the structure of given sentences in this exercise. They should focus on finding words or phrases that grammatically fit into the blanks without altering the structure of the given sentences. Writing too much often leads to mistakes because the answer fails to fit in grammatically.

**Question 7(a), (b), (c)**

Most candidates seem to have answered these parts correctly.

**Question 7(d)**

Some candidates seemed confused about the answer. For example the answer should have been the building and not the street name.

**Question 7(e)**

A good attempt was made on this question; however, some candidates were unable to gain the mark in this part.

**Question 7(f), (g)**

Most candidates answered correctly with some spelling errors.

**Question 7(h)**

A few candidates answered correctly but many wrote incorrect answers. Instead of writing पारंपरिक they wrote समुराई योद्धा and lost the mark.

**Questions 8–15**

Candidates needed to replace the incorrect information with the correct information provided in the spoken text. Most candidates managed to score marks for **Questions 8**, **9**, **10**, **12**, **13**, and **14**, but struggled with **Questions 11**, mainly for not using the correct word, चिंताजनक, चिंता का विषय, चिंता देने वाला and **15** for not answering काम, योगदान, हिस्सा लेने.

**Questions 16–23**

**Questions 16–23** were multiple choice questions. Most candidates fared well in selecting the correct option except for **Question 16** and **24**. A few numbers of candidates seemed to guess and ticked random boxes or ticked more than one box.

**Summary**

The questions were not unusually challenging, but required careful listening and identifying the context. Candidates should listen to the recording very carefully and develop techniques and strategies to enable them to identify and select appropriate detail for their answers. There is a need to work on increasing Hindi vocabulary to access some questions and also to focus on sounds and letters, paying particular attention to similar sounding letters. Teacher should also perform dictation regularly in class. Candidates should gain as


© 2020

much practice as possible at listening exercises in class, and attempt past papers under timed conditions. This would certainly help to raise the overall standard.



© 2020

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/03**
**Speaking**

**मुख्य संदेश**

सम्भाषण परीक्षा में परीक्षार्थियों की प्रस्तुती श्रेष्ठ से लेकर औसत और कुछ औसत से नीचे के स्तर की थीं।

सम्भाषण परीक्षा में उच्च स्तर की प्रस्तुतीकरण के लिए विषय सम्बंधित विस्तृत शब्दावली और व्याकरण सम्मत वाक्यविन्यास के प्रयोग सहित परीक्षा के तीनों भागों का अभ्यास करना अपेक्षित है।

परीक्षक द्वारा पूछे गए प्रश्न को ध्यानपूर्वक सुन कर पहले से याद किए हुए जवाब देने की जगह प्रश्न का सोच समझ कर विचार पूर्वक उत्तर देना चाहिए।

परीक्षार्थी को भूत, वर्तमान और भविष्य काल तथा मिश्र और संयुक्त वाक्यों के प्रयोग करने चाहिए।

**सामान्य टिप्पणी**

इस वर्ष की संभाषण परीक्षा में विभिन्न केंद्रों के स्तर में उल्लेखनीय अंतर पाया गया। जिन केंद्रों में सम्भाषण परीक्षा की निर्धारित संरचना का पालन किया गया, परीक्षक ने परीक्षा प्रारम्भ करने से पहले परीक्षार्थी का परिचय देकर परीक्षा के तीन भागों के विवरण दिए और उन्हें प्रस्तुती करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने विषय-वार्तालाप, सामान्य वार्तालाप और प्रस्तुतीकरण के प्रश्नों में एक से प्रश्न नहीं दोहराए। सामान्य वार्तालाप को दोतरफा और स्वाभाविक बनाए रखा और प्रश्न विचारपूर्वक तैयार किए। विभिन्न केंद्रों में परीक्षा की निर्धारित समय-सीमा का पूरी तरह से पालन नहीं हुआ। सभी परीक्षार्थियों को अपनी योग्यता प्रमाणित करने का समान अवसर देने के लिए सबको समान समय देना  आवश्यक है।

**विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणी****विशिष्ट प्रश्नों पर टिप्पणी**

**भाग 1: विषय प्रस्तुति**

जिन परीक्षार्थियों की प्रस्तुति अच्छी थी, उन्होंने विषय वस्तु का निर्वाह सुघटित रूप से किया और विषय संबंधित विस्तृत जानकारी को जीवंत तथा रोचक रूप से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुती विषय-सम्बंधित बिंदुओं के विस्तार पर आधारित और संघटित थी। विषय विविध और रोचक थे। उनकी भाषा साधारणत; व्याकरण सम्मत और शब्दावली विस्तृत थी। मिश्र वाक्यों के प्रयोग करने की क्षमता कम परीक्षार्थी प्रदर्शित कर पाए। कुछ परीक्षार्थी अपने विचारों को अंग्रेज़ी के शब्दों द्वारा अभिव्यक्त कर रहे थे।


© 2020

**भाग 2: विषय वार्तालाप**

परीक्षा के इस भाग का उद्देश्य परीक्षार्थी के तैयार किए विषय को विस्तार देना है। इसमें पहले भाग के कथ्य की पुनरावृत्ति नहीं बल्कि परीक्षार्थी के विषय-ज्ञान को चुनौती देकर उसका विस्तार अपेक्षित है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विषय से संबंधित प्रश्नों की पूर्व तैयारी आवश्यक है। सामान्यत: इस भाग में परीक्षार्थियों ने अच्छी/बहुत अच्छी योग्यता प्रदर्शित की। उनके उत्तर सहज और विचारपूर्ण थे। प्रथम भाग को दोहराने की जगह विषय को विस्तार देने के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने में परीक्षार्थी अपनी योग्यता प्रदर्शित कर सके। कुछ परीक्षार्थी प्रश्न न समझ पाने के कारण उसका उत्तर देने की अपेक्षा पहले से तैयार किए उत्तर दे रहे थे।

**भाग 3: सामान्य वार्तालाप**

सामान्य वार्तालाप के अंतर्गत विभिन्न केंद्रों के स्तर बहुता भिन्न थे। पाठ्यक्रम में निर्धारित निर्देशों के अनुसरण के लिए उसमें अपेक्षित स्तर के अनुकूल प्रश्न पूछे जाने चाहिए। कुछ केंद्रों में परीक्षार्थी से प्रश्न पूछने की जगह उनको चुने हुए विषय पर बोलने के लिए कहा गया। परिणाम स्वरूप इस भाग में परस्पर वार्तालाप की जगह विषय प्रस्तुतीकरण की पुनरावृत्ति हो गई। परीक्षकों को चाहिए कि वे परीक्षार्थी के अधूरे वाक्य पूरे न करें। परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे परीक्षक से वाचिक सहायता के बिना अपने उत्तर दें, परंतु इसका समान रूप से पालन नहीं किया गया।



© 2020

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/03**
**Speaking**

## Key messages

The performance of candidates in the Speaking test varied from excellent to average and a few below average.

In order to do well, candidates need to prepare for all three parts of the test, use a wide range of topic related, precise vocabulary and grammatically correct structures.

They should listen to the questions carefully and respond appropriately by providing ideas and opinions to support their answers rather than relying on memorised notes.

They should use a variety of complex sentences in different tenses.

## General comments

There is noticeable disparity between standards of Speaking test between different centres. In the centres where the structure of the Speaking test was followed, the examiners introduced the candidates, explained all three parts of the Speaking test and put candidates at ease in the beginning of test. They ensured that questions in Topic conversation were not repeated from the content of Presentation and part three. The General conversation was interactive, spontaneous and questions were well structured. The timings of test in different centres were also variable. It is important to give all candidates equal time to give them a fair opportunity to show their ability in the Speaking test.

## Comments on specific questions

### Part 1: Presentation

Candidates who did well, were able to make a well organised presentation by providing wide coverage to their chosen topic. There was a good selection of topics which sustained interest. They used a wide range of vocabulary and sentence structures generally accurately. Very few candidates showed the ability to use complex sentence structures. Some candidates used some English vocabulary to express ideas.

### Part 2: Topic Conversation

Generally, candidates performed well. Their responses were natural and spontaneous. The quality of questions was variable. Candidates did well when questions were structured to develop the topic further rather than repeating the contents of the Presentation. Some candidates had difficulty in understanding the questions and responded from their memorised notes rather than answering the question asked.

### Part 3: General Conversation

The standards of general conversation varied widely between centres. It is important to follow the syllabus requirement and formulate questions appropriate to the demand of the syllabus. Some candidates were told to talk about a topic rather than being asked questions about the topic. This led to another presentation instead of conducting an interactive conversation. Examiners should avoid completing the candidates' incomplete sentences and concluding for them.


© 2020